पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)

पंजीकृत कार्यालयः ''ऊर्जानिधि'',1, बाराखम्बा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली–110001

फोनः +91 11 23456000, फैक्सः +91 11 23412545, वेबसाइटः www.pfcindia.com

सीआईएनः L65910DL1986GOI024862

सार्वजनिक सूचना

कपटपूर्ण ऋण एवं भर्ती सम्बंधी प्रस्तावों से सावधानी हेतु

यह विज्ञापन सर्वसाधारण को सतर्क करने के लिए जनहित में जारी किया जा रहा है कि कुछ बेईमान व्यक्ति स्वयं को पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) का कर्मचारी/प्रतिनिधि/एजेंट बताकर पीएफसी की ओर से विभिन्न प्रकार के ऋण प्रदान करने (कपटपूर्ण ऋण प्रस्ताव) और भर्ती कराने का दावा कर रहे हैं। ऐसे लोग अनधिकृत रूप से पीएफसी का नाम, ट्रेडमार्क, लोगो और अन्य विवरणों का इस्तेमाल करके जनता से धन जुटाते हैं और किसी विशेष बैंक खातों में धनराशि जमा करने के लिए कहते हैं।

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पीएफसी ऋण प्रदान करने के लिए किसी प्रकार के धन की मांग, आग्रह या जमाराशि स्वीकार नहीं करता। पीएफसी केवल विद्युत, बुनियादी ढांचा और लॉस्टिक क्षेत्रों के लिए ऋण प्रदान करता है और कम्पनी ने अपनी ओर से ऐसा कोई भी ऋण ऑफर करने के लिए किसी व्यक्ति/एजेन्सी/प्रतिनिधि को न तो नियुक्त किया है और न ही प्राधिकृत किया है। सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि पीएफसी की एकमात्र आधिकारिक वेबसाइट **https://www.pfcindia.com** है।

ऐसे कपटपूर्ण ऋण प्रस्तावों, भर्ती या संदिग्ध वेबसाइटों के कारण किसी भी व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हुई किसी भी क्षति या नुकसान के लिए पीएफसी की कोई जिम्मेदारी नहीं है। इस सार्वजनिक सूचना के बावजूद यदि कोई भी व्यक्ति ऐसे प्रस्तावों पर आगे कोई कदम उठाता है और/या उन प्रस्तावों पर भरोसा करता है तो वह स्वयं के खतरे, जोखिम और खर्च पर ऐसा करेगा। ऐसी कपटपूर्ण गतिविधियों में शामिल व्यक्ति लागू कानून के अनुसार अभियोजन के लिए उत्तरदायी होंगे।